श्रीमती शीला कुमारी, माननीया स0वि0स0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-18/2/1228 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1. क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के भुतही बलान एवं कोशी पश्चिमी तटबंध के भीतर बसे गांवों में वर्षा की पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण सालों भर जल जमाव रहता है ; 2. क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र में एंटी फ्लड स्लूईस गेट और आधुनिक उच्च क्षमता वाले पंपिंग स्टेशन नहीं होने से जल जमाव लगा रहता है ; 3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार भुतही बलान एवं कोशी पश्चिमी तटबंध के भीतर एंटी फ्लड स्लूईस गेट और आधुनिक उच्च क्षमता वाले पंपिंग स्टेशन की स्थापना कर जल निकासी करने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है, कि मधुबनी जिला के भूतही बलान एवं पश्चिमी कोशी तटबंध के भीतर बसे गाँव में बाढ़ अवधि में अत्यधिक जलश्राव होने के कारण कुछ जगहों पर जल जमाव की स्थिति उत्पन्न होती है। वर्तमान में कतिपय स्थलों पर आंशिक रूप से जलजमाव पाया गया। दरभंगा प्रमंडल हेतु एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन योजना के तहत दरभंगा प्रमंडल अन्तर्गत जल जमाव वाले क्षेत्रों से जल निकासी में सुधार एवं विकास हेतु विस्तृत योजना प्रतिवेदन तैयार करने का कार्य परामर्शी के माध्यम से कराया जा रहा है, जिसमें प्रश्नगत स्थल शामिल है।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(सम0)–05–36/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टदश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18/2/1228 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(सम0)–05–36 / 2026– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(सम0)–05–36 / 2026– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(सम0)–05–36 / 2026– 1006 पटना, दिनांक– 25/02/2026
प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24.02.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
24.02.26